## एक नजर में

### धाकड़ बने भौरासा ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष



**भौरासा।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा व किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान एवं जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस विश्वजीत चौहान की अनुशंसा पर जितेंद्र धाकड़ काकड़ादा को भौरासा किसान कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। इनकी नियुक्ति पर इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी, नगजीराम यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, दिनेश यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, अफजल मंसूरी, संदीप चावड़ा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विशाल गुर्जर, कांति लाल यादव, रमेश चंद गुर्जर, दिलीप यादव, दिनेश चौहान, मनोहर यादव, कालू गुर्जर, सोनू यादव, सुनील उप सरपंच, जितेंद्र यादव, रामेश्वर यादव, आदि ने बधाई दी।

### माता मंदिर पर 26 को भंडारे का आयोजन

**भौरासा।** नगर के छिपा पूरा में स्थित अति प्राचीन मां अंबिका माता मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी एक विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है जिसमें क्षेत्र व नगर की धर्म प्रेमी जनता से समिति द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की जा रही है समिति के संतोष राठौर ने बताया कि दिनांक 26 मार्च 2026 को समय शाम 5ः00 बजे से छिपा पूरे में स्थित मां अंबिका चौक पर मां के दरबार में एक विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमें नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील समिति के सदस्य जितेंद्र राठौर, धर्मेंद्र राठौर, दुर्गेश राठोर, रवि राठौर, अर्जुन राठौर, एव मां अंबिका गरबा मंडल ने अधिक, से अधिक संख्या में पधारने की लोगों से अपील की है।

### बजरंग चौक पर डान्स प्रतियोगिता आज भी

**देवास।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौराहा सुंद्रेल के तत्वाधान में दिंनाक 24 मार्च एवं 25 मार्च को बजरंग चौक पर रात्रि 8 बजे से भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 21000/- विधायक आशीष शर्मा मित्र मंडल द्वारा दिया जाएगा, द्वितीय पुरस्कार 11000/- खेड़ापति बालाजी महाराज के सौजन्य से दिया जाएगा। प्रतियोगिता में एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य, भक्ति लोक नृत्य की विशेष प्रस्तुतियां होगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में मुख्य रूप से रॉक डांसर आजाद परिंदा मुंबई, डांस इंडिया डांस के सुपर स्टार फेम पार्थ पाल इंदौर, इंडिया गोट टेलेंट के सेमीफाइनलिस्ट शुभम खरगोन की विशेष उपस्थिति रहेगी। प्रतियोगिता मे जज के रूप मे बेस्ट कोरियोंग्राफर रामोजी फ़िल्म सिटी हैदराबाद से माइकल जोशी, पेमेंद्र कुमार (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बांध), आदित्य ताम्बे (ग्रेट म्यूजिशियन) निर्णायक की भूमिका मे होंगे। नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा के पंडाल की सजावट एवं प्रतिदिन फुल मंगल विशेष पूजा अर्चना महा आरती महाप्रसादी का वितरण हो रहा है। उक्त आयोजन में जय श्री गोविंदा सेवा संस्थान, जय श्री गणेश मित्र मंडल, श्री सुंदरेश्वर युवा संगठन का विशेष सहयोग रहेगा।

### कौर कमेटी की बैठक संपन्न

**देवास।** सर्किट हाउस देवास में आयोजित कौर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने की। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों एवं संगठन पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा भी हुई। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी को समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर देवास भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, बागली विधायक मुरली भंवरा, सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, सुरेश आर्य एवं जिला प्रभारी धनंजय शर्मा सहित कौर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### सिविल हॉस्पिटल कन्नौद में मनाया टीबी दिवस

**कन्नौद।** विश्व टी बी दिवस के उपलक्ष्य में सिविल अस्पताल कन्नौद में टीबी मुक्त भारत 2.0 अभियान का शुभारंभ बीएमओ डॉ लोकेश मीणा द्वारा किया गया। शपथ विधि समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमे उपस्थित समस्त स्टाफ, मरीज़ एवं उनके परिजनों को यह शपथ दिलाई गई कि हम अपनी ग्राम पंचायत, अपने नगर एवं प्रदेश को टीवी मुक्त बनाएंगे, साथ ही टीबी मरीजों के प्रति व्यवहार में परिवर्तन लाएंगे। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है, यह बीमारी 6 माह के इलाज से पूर्ण रूप से ठीक हो जाती है। इस अवसर पर बीएमओ डॉ मीणा द्वारा यह भी बताया कि यह अभियान 24 मार्च टीबी दिवस से शुरू होकर आगामी 100 दिनों तक चलेगा जिसमे अधिक से अधिक मरीजों का ख़ख़ार परीक्षण एवं एक्स रे करवाये जावेगे। कन्नौद ब्लॉक में कुल 85 ग्राम पंचायत है जिसमें से वर्ष 2024 में 19 पंचायत को एवं वर्ष 2025 में 41 पंचायत को टीवी मुक्त किया गया, इसी तरह हमारा लक्ष्य है कि हम 2026 तक पूरी ग्राम पंचायतो को टी बी मुक्त करेंगे। इस कार्यक्रम में सिविल अस्पताल कन्नौद का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# दूसरे दिन भी पेट्रोल संकट, कई पंपों पर घंटों नहीं मिला फ्यूल

**देवास।** शहर में लगातार दूसरे दिन कुछ पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ा।

देवास बायपास पर कुछ पेट्रोल पंपों पर सोमवार को ईंधन की समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद मंगलवार को शहर के बीच स्थित खनूजा पेट्रोल पंप, कैलादेवी चौराहे के समीप पंप और विकास नगर क्षेत्र के फिलिंग स्टेशन पर लोगों को पेट्रोल नहीं मिला। भोपाल रोड पर भी एक पंप संचालक ने अपने पंप के बाहर दो से तीन घंटे तक पेट्रोल उपलब्ध न होने का नोटिस चस्पा कर दिया। जैसे ही शहर में पेट्रोल नहीं मिलने की सूचना फैली, कई लोग अपने वाहन लेकर पंपों की ओर जाते दिखे। हालांकि, उज्जैन रोड के पंप पर संचालक द्वारा डीजल और पेट्रोल दोनों उपलब्ध करवाए गए। जानकारों के अनुसार, शहर में अधिकांश ईंधन मांगल्या डिपो से आता है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण पंप डीलरों से अग्रिम राशि मांगी जा रही है। जो डीलर समय पर भुगतान कर रहे हैं, उन्हें माल भेजा जा रहा है, जबकि कई पंपों का पहले से उधार बाकी है, ऐसे डीलरों को आगे से ईंधन के टैंकर नहीं भेजे जा रहे हैं।



### डिप्टी सीएम बोले- लोगों को धैर्य रखना चाहिए

इस मामले में खाद्य विभाग ने बताया कि पेट्रोल-डीजल का कोई संकट नहीं है। टैंकर नहीं आने से यह समस्या उत्पन्न हुई है, और शाम तक स्थिति सामान्य हो जाएगी। देवास के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सभी लोगों को धैर्य रखना चाहिए। केंद्र सरकार व्यवस्थाएं कर रही है। यदि कहीं थोड़ी बहुत तकलीफ है तो उसे दूर किया जाएगा।


### पेट्रोल-डीजल को लेकर लोग पैनिक

**सोनकच्छ।** नगर में अमेरिका- इजराइल व ईरान युद्ध के बाद पहली बार पेट्रोल पंप पर लाइन लग गई। यहां करीब हर पंप पर 30 से 40 दो पहिया वाहन लाइन में खड़े होकर पेट्रोल डलवा रहे है। देवास शहर से आई अफवाह के कारण यहां पेट्रोल पंप भर भीड़ उमड़ पड़ी जबकि जिओ बीपी संचालक नलिन मेहता का कहना है कि, हमारे पास पर्याप्त पेट्रोल डीजल है। किसी को परेशान होने की जरुरत नही है। इसके अलावा शासकीय संस्था भारत व इंडेन के संचालकों ने भी इस बात को ही दोहराया है। संचालको ने आमजन से अपील की है कि, लोगों को परेशान होने की जरूरत नही है तेल पर्याप्त मात्रा में है। आमजन पेनिक होकर 1000-500? का पेट्रोल दो पहिया वाहन में डलवा रहे है वो गलत है। नगर सहित क्षेत्र में कोई दिक्क़त नही है। सहायक खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा का कहना है कि एक दो पेट्रोल पंप पर डिमांड नोटिस कम्पनी को नही दिए गए थे जिसके कारण वहाँ उपलब्ध नहीं हो सका जबकि सोनकच्छ क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध है। किसी को परेशान होने की जरूरत नही है।

## मकान कब्जे को लेकर महिलाओं ने दंपती को पीटा

**देवास।** ओम साईं विहार इलाके में मंगलवार को महिलाओं के एक समूह ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि उन्होंने एक मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और मकान मालिक धीरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।

पीथमपुर से आई सलोनी सिंह, सरिता सिंह और लगभग 10 अन्य महिलाएं लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मकान का ताला तोड़कर जबरन अंदर प्रवेश किया और धीरेंद्र सिंह से मारपीट की। जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी सलोनी सिंह, धीरेंद्र सिंह के बड़े भाई की पत्नी हैं। उनका तलाक का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ओम साईं विहार स्थित इस मकान को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है। मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में महिलाएं ताला तोड़कर अंदर घुसते और हंगामा करते नजर आ रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को



अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल, औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

## विधायक ने बच्चों को बांटे विद्यारंभ प्रमाण पत्र

**देवास।** महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी साबिर अहमद सिद्दीकी के निर्देश अनुसार देवास शहरी परियोजना अधिकारी मोहनलाल अहिरवार एवं सुपरवाइजर पार्वती मालवीय द्वारा विद्या आरंभ समारोह के प्रमाण पत्र सभी वार्डों में बच्चों को जन प्रतिनिधि द्वारा वितरण करने के निर्देश दिए गए।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजना राणा द्वारा इसी तारतम्य में विधायक गायत्री राजे पवार के



पैलेस पर बच्चों को ले जाकर उनके जन्मदिन पर विधायक के हाथों से वार्ड के बच्चों को विधायक गायत्री राजे पवार के जन्मदिन पर बच्चों को विद्या आरंभ प्रमाण पत्र दिया गया। गायत्री राजे पवार के जन्मदिन पर बच्चों को मिठाई केक खिलाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। वार्ड की सभी कार्यकर्ता रंजना राणा, किरण शर्मा, संतोषी सोनी, ललिता रैकवार, गीता चौहान, नीमू जोझा एवं बच्चों की माता उपस्थिति रही।

## जनसुनवाई में लोगों की सुनीं समस्याएं

**देवास।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया, उप पुलिस अधीक्षक (एल/आर) बबिता बामनिया की उपस्थिति में प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत सुनी गई।

साथ ही जन सुनवाई की प्रत्येक शिकायत का निराकरण 07 दिवस में करने पर भी ज़ोर दिया जा रहा है एवं अगली जन सुनवाई पर पूर्व आयोजित जन सुनवाई की समस्त शिकायतों का प्रतिवेदन थानो से प्राप्त कर उनकी समीक्षा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जन सुनवाई जन-समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण का





प्रमुख साधन है। समस्त राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति शिकायतों को समग्र रूप में समझने में सहायक होंगी वहीं समयबद्ध 07 दिवसीय निराकरण प्रक्रिया जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को अभिवृद्ध करेगी। पुलिस कप्तान के अनुसार शिकायतों का त्वरित और संतोष जनक निराकरण नहीं होने के चलते कई गंभीर अपराध घटित होते हैं और क़ानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। इसी के चलते जनसुनवाई को प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है।

## गायत्री परिवार जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन

**देवास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुन्ज हरिद्वार के आदेशानुसार एवं म.प्र. जोन भोपाल के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ देवास पर इंदौर उपजोन प्रभारी श्रीकृष्ण शर्मा की गरिमामय उपस्थिति एवं गायत्री परिजनों की विशेष उपस्थिति में जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि बैंठक की शुरुआत में श्री वेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा का पूजन कर दीप प्रज्जवलित किया। अतिथियों का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया गया। श्री चौधरी ने आगे बताया कि मिशन के कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से गति देने हेतु जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें जिला समन्वयक हेतु बाबूलाल खंडेलवाल देवास को सर्वसम्मति से जिला समन्वयक संगठन का दायित्व सौंपा गया साथ ही जिले के सक्रिय प्रतिनिधियों में समन्वय समिति के सह समन्वयक के रूप में हरिराम जिराती सिरोल्या (शक्तिपीठ पदेन) प्रज्ञा संस्थान, सह समन्वयक (रिकार्ड व रिपोर्ट) का दायित्व महेश पटेल पटाड़ी एवं जिला स्तर पर आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी जिला प्रभारी टीना सोलंकी नेवरी एवं स्वास्थ्य आंदोलन हेतु डॉ. जीवनसिंह पटेल रनायर गाडरी, नशा मुक्ति अभियान में डॉ. रूपसिंह नागर सुल्पाखेड़ा, बाल संस्कार शाला अभियान हेतु केशव पटेल देवास, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए शिवनारायण शर्मा सोनकच्छ, पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान हेतु नारायणप्रसाद सराठे खातेगांव, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार अभियान में गिरीश गुरु हाटपीपल्या, युवा जोड़ो अभियान हेतु हरिओम लोटन उदयनगर, स्वावलंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण हेतु राधेश्याम यादव कन्नौद, साधना एवं स्वाध्याय अभियान हेतु आलोक जोशी सतवास, मंडल विस्तार अभियान हेतु मोहनलाल विश्वकर्मा बागली एवं नारी जागरण अभियान हेतु लेखा राठौर सहित 15 सदस्यों को जिले का विभिन्न प्रभार का दायित्व सौंपा गया। यह समन्वय समिति सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय को ध्यान में रखते हुए, युगऋषि परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी के युग परिवर्तन के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य संगठन के विभिन्न अभियानों के माध्यम से करेंगी। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या, गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेन्द्र पोरवाल, युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले, मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी, ट्रस्ट सदस्य कन्हैयालाल मोहरी, महेश चौधरी, विजेन्द्रसिंह बेस, लक्ष्मण पटेल, लता खंडेलवाल, रामनिवास कुशवाह, सतीश तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## बिजली कंपनी अधिकारी मनमाने तरीके से पंचायतों से कर रहे वसूली, सौंपा ज्ञापन

**देवास।** जनपद पंचायत बागली सरपंच संघ अध्यक्ष नाथू सिंह सेंधव के नेतृत्व में सरपंचों ने विद्युत विभाग द्वारा मनमाने ढंग से दिए गए बिल व बिना सूचना के विद्युत कनेक्शन काटे जाने की शिकायत को लेकर देवास कलेक्टर ऋतुराज को ज्ञापन सौंपा।

इसमें मांग की गई कि ग्राम पंचायतों ने जितना बिजली का उपयोग किया उतना ही बिल दिया जाएं। कई पंचायतों में कनेक्शन नहीं है, फिर भी लाखों रुपए के बिल मनमाने ढंग से बनाकर पंचायतों से वसूली करने का



प्रयास किया जा रहा है, जो अनुचित है। वर्षों पुराने कनेक्शन विद्युत मंडल के रिकॉर्ड में दर्ज हैं लेकिन भौतिक रूप से वर्तमान में कोई उपयोग नहीं है। अधिकांश विद्युत कनेक्शन नवीन नलजल योजना से संबंधित है जो कि अपूर्ण होकर ग्राम पंचायत को हैंडओवर नहीं है, फिर भी उनके बिल ग्राम पंचायत को दिए गए हैं। सोबल्यापुरा सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने कहा ग्राम जो बिल दिए गए उनके अनुसार मौके पर भौतिक सत्यापन किया जाए कि वास्तव में इतना ग्राम पंचायत द्वारा बिजली का उपयोग किया जा रहा है या नहीं। मौके पर जो बिजली का उपयोग किया जा रहा है उसी के अनुसार बिल दिए जाएं, तो हम राशि जमा करने को तैयार हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात करके अनुचित बिल न देने का निर्देश दिया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक मुरली भंवरा से मुलाकात कर उन्हें भी समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर रतनपुर सरपंच हरिहर मोगरे, पुंजापुरा सरपंच मोहन राठौर, मानसिंगपुरा सरपंच अमर सिंह रंधावा आदि उपस्थित थे।

## किसान कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां

**देवास।** किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान से प्राप्त अनुमोदन वरिष्ठ नेताओं कि सहमति से देवास जिले के ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की जिसमें सोनकच्छ विधानसभा में सोनकच्छ ब्लॉक से दिलीप गुर्जर, टोंकखुर्द ब्लॉक से रामसिंह जागीदार, चौबारा दिलीप सिंह गुर्जर, भौरासा जितेन्द्र सिंह धाकड, पिपलरावा फुलसिंह सोलंकी, हाटपिपलियाविधानसभा के हाटपिपलिया ब्लॉक से गब्बरसिंह चौहान, बागली विधानसभा के काटाफोड़ ब्लॉक में विनोद पटवारी, सतवास सुरेश जाट (घासल), उदयनगर जितेन्द्र पटेल, खातेगांव विधानसभा के खातेगांव ब्लॉक में दिनेश बरड, कन्नौद राहुल पटेल, अजनास नूर खान, हरणगांव नारायण कुमावत की नियुक्ति हुई। पूर्व में नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष देवास ग्रामीण ब्रजराज सिंह राजावत, शिप्रा बलराम यादव कानकुंड, बरोठा ब्लॉक संजू पटेल सन्नोड, बागली ब्लॉक होल्ड पर है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास म.प्र.

नि.आ.अ. सूचना क्र/216//लेखा /2026 देवास, दिनांक 13/03/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्र जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत, जीएसटी अतिरिक्त | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_490387_1 13.03.2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 के एकुअल आधारित दोहरी प्रविष्टि लेखांकन कार्य के लिए ई-निविदा। | 02 वित्तीय वर्ष 36 लाख (जीएसटी अतिरिक्त) | 5 हजार. 1,08,000/- | 06.04.2026 06 पीएम |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त ( वित्त )
नगर पालिक निगम
देवास म.प्र.


एक नजर में — उत्कृष्ट साहित्यिक एवं सांगीतिक योगदान के लिए सम्मानित किया

## इंदौर रत्न अलंकरण 2026 से सम्मानित हुईं निधि निर्मल दीक्षित

**कांटाफोड़।** इंदौर शहर सहित कांटाफोड़ नगर के लिए गौरव का क्षण तब बना, जब प्रतिभाशाली साहित्यकार एवं म्यूजिशियन निधि निर्मल दीक्षित शर्मा को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक एवं सांगीतिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित इंदौर रत्न अलंकरण 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष' द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम 22 मार्च को इंदौर स्थित महादेवी पुस्तकालय में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें शहर के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार, कलाकार, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा निधि दीक्षित शर्मा को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। निधि निर्मल दीक्षित शर्मा लंबे समय से साहित्य, संगीत और कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी लेखनी और संगीत के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को प्रमुखता से उठाया





है। उनकी रचनाएं न केवल भावनात्मक रूप से समृद्ध हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य भी करती हैं। उनके गीत, कविताएं और प्रस्तुतियां नई पीढ़ी के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हैं और उन्हें रचनात्मकता की ओर प्रेरित करती हैं। उनकी इस उपलब्धि से कांटाफोड़ क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और साहित्य प्रेमियों ने उन्हें बधाइयां दीं और इसे क्षेत्र के लिए सम्मानजनक उपलब्धि बताया। विशेष रूप से उनके परिवार, जिनमें गणपति शर्मा परिवार का नाम प्रमुख है, ने इस सम्मान को पूरे क्षेत्र की प्रतिष्ठा से जोड़ा है। आयोजन समिति के संयोजक जितेंद्र शिवहरे ने बताया कि इंदौर रत्न अलंकरण उन विशिष्ट प्रतिभाओं को दिया जाता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज के विकास और सांस्कृतिक उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि निधि दीक्षित शर्मा इस सम्मान की पूर्ण रूप से हकदार हैं। क्योंकि उन्होंने निरंतर अपने कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता और प्रेरणा का संचार किया है। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात निधि दीक्षित शर्मा ने विनम्रता पूर्वक सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी साहित्य, संगीत और कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देती रहेंगी और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास करती रहेंगी।